# प्रेस नोट जनपद खीरी

**दिनाँक 14.09.2025**

**पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दौरान विगत 24 घंटे में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।**

## थाना भीरा पुलिस द्वारा, गुमशुदा किशोर सौरभ की हत्या में संलिप्त वांछित अभियुक्त इरशाद पुत्र वहीद खान को पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार; अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद





पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना भीरा के नेतृत्व में आज दिनांक-14.09.2025 को थाना भीरा पुलिस द्वारा, थाना भीरा पर दिनांक 07.09.25 को पंजीकृत मु0अ0सं0 337/2025 धारा 140(1)/103(1)/238 बीएनएस से संबंधित गुमशुदा किशोर सौरभ की हत्या की घटना में संलिप्त/वांछित अभियुक्त इरशाद पुत्र वहीद खान उम्र करीब 32 वर्ष नि0 इन्द्रानगर वार्ड नं0 01 कस्बा व थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत हालपता सलामत नगर भट्टा कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी को नानक फार्म के निकट स्थित पुलिया के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुये हैं। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में मु0अ0सं0 344/25 धारा 109(2) बीएनएस (पुलिस मुठभेड़) व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है  जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 06.09.2025 को अभियुक्त इरशाद उपरोक्त द्वारा अपने साथियो 1.शादाब पुत्र इकरार निवासी ग्राम सलामतनगर भट्टा थाना भीरा जनपद खीरी 2.रियासत खान पुत्र बाबू खान निवासी

ग्राम सलामतनगर भट्टा थाना भीरा जनपद खीरी 3. जीशान पुत्र शेरू अली निवासी सलामतनगर भट्टा थाना भीरा जनपद खीरी के साथ मिलकर शाम करीब 07.30 बजे सौरभ उम्र करीब 15 वर्ष पुत्र विजय कुमार लोधी निवासी ग्राम लालजीपुरवा थाना भीरा जनपद खीरी को पूर्व की मित्रता के कारण बहला फुसलाकर कर अपने निमार्णाधीन मकान पर बुलाकर घर वालो से पैसे लेने के मंशा से बंधक बनाने का प्रयास किया गया सौरभ के विरोध करने पर साथियो के साथ मिलकर गला घोटकर हत्या कर दी गयी तथा शव को दो मोटर साइकिलो से ले जाकर करीब 04 किमी दूर गन्ने के खेत में छिपा दिया गया सौरभ के घर न पहुचंने पर पिता विजय कुमार द्वारा दिनांक 07.09.2025 को थाना भीरा पर तहरीर देकर मुकदमा अपराध संख्या -337/2025 धारा-137(2) बीएनएस पंजीकृत कराया गया था । इरशाद के साथी अभियुक्तो शादाब व रियासत को हिरासत में लेकर की गई गहन पूछताछ में उनके द्वारा जुर्म इकबाल करते हुए स्वंय चलकर सौरभ का शव तथा मोबाइल फोन बरामद कराया गया जिसके आधार पर मुकदमा उपरोक्त धारा-137(2) बीएनएस से धारा-140(1)/103(1)/238 बीएनएस में तरमीम किया गया ।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-</u>**
इरशाद पुत्र वहीद खान उम्र करीब 32 वर्ष नि0 इन्द्रानगर वार्ड नं0 01 कस्बा व थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत हालपता सलामत नगर भट्टा कस्बा व थाना भीरा जनपद खीरी

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**
अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद होना ।

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त</u>**
1.मु0अ0सं0 337/2025 विलोपन धारा 137(2) व बढोत्तरी धारा-140(1)/103(1)/238 बीएनएस थाना भीरा जनपद खीरी
2.मु0अ0सं0 344/2025 धारा 109(2) बीएनएस (पुलिस मुठभेड) व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भीरा जनपद खीरी

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**
1.प्रभारी निरीक्षक श्री गोपाल नारायण सिंह थाना भीरा जनपद खीरी
2.व0उ0नि0 श्री अवनीश कुमार थाना भीरा जनपद खीरी
3.हे0का0 त्रयम्बक दत्त गौड थाना भीरा जनपद खीरी
4.हे0का0 देवव्रत सिंह थाना भीरा जनपद खीरी
5.का0 बादल सिंह थाना भीरा जनपद खीरी
6.का0 धीरेन्द्र पाल सिंह थाना भीरा जनपद खीरी
7.का0 मुलायम यादव थाना भीरा जनपद खीरी

## थाना भीरा पुलिस द्वारा, गुमशुदा किशोर सौरभ की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निकट पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक थाना भीरा के नेतृत्व में दिनांक-13.09.2025 को थाना भीरा पुलिस द्वारा, दिनांक 07.09.25 को,थाना भीरा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 337/2025 धारा 140(1)/103(1)238 बीएनएस से संबंधित गुमशुदा,सौरभ की हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्त 1.शादाब पुत्र इकरार 2.रियासत खां पुत्र बाबू खां निवासीगण सलामतनगर भट्टा थाना भीरा जनपद खीरी को रपटा पुल भीरा-पलिया मार्ग के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उनकी निशादेही पर मृतक का शव व मृतक का मोबाइल बरामद करते हुए गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को माननीय न्यायालय रवाना किया गया गया है तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.शादाब पुत्र इकरार निवासी सलामतनगर भट्टा थाना भीरा जनपद खीरी
2.रियासत खां पुत्र बाबू खां निवासी सलामतनगर भट्टा थाना भीरा जनपद खीरी

**बरामदगी का विवरण**

अभियुक्तों की निशांदेही से मृतक सौरभ का मोबाइल बरामद

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त शादाब**

1.मु0अ0सं0 137/2025 विलोपन धारा 137(2) व बढोत्तरी धारा 140(1)/103(1)238 बीएनएस

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त रियासत**

1.मु0अ0सं0 137/2025 विलोपन धारा 137(2) व बढोत्तरी धारा 140(1)/103(1)238 बीएनएस
2.मु0अ0सं0 28/2020 धारा 379 भादवि व 4/10 वृक्ष संरक्षण अधिनियम

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.व0उ0नि0 अवनीश कुमार थाना भीरा जनपद खीरी
2.का0 बादल सिंह थाना भीरा जनपद खीरी
3.का0 प्रदीप चीमा थाना भीरा जनपद खीरी

# थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष सम्पूर्णानगर के नेतृत्व में आज दिनांक-14.09.2025 को थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगो में 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1.हरदेव पुत्र हरवंश निवासी बाजारघाट थाना हजारा जनपद पीलीभीत (संबंधित मु0सं0 3931/20 धारा 60 आबकारी अधिनियम)

2.गुरुमुख सिंह पुत्र गुरूदयाल सिंह निवासी बाजारघाट थाना हजारा जनपद पीलीभीत (संबंधित अ0सं0 149/13 धारा 60 आबकारी अधिनियम)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 अनिल सिंह पंकज थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
2.का0 नरेन्द्र थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
3.का0 प्रदीप कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी
4.का0 मनीष कुमार थाना सम्पूर्णानगर जनपद खीरी

# थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, 06 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज के नेतृत्व में आज दिनांक-14.09.2025 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा, विभिन्न अभियोगो में 06 नफर वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों का विवरण-**

1.सर्वेश कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी बटलरगंज थाना मैगलगंज जनपद खीरी
2.अंशुल शुक्ला पुत्र सरवन शुक्ला निवासी अलियापुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी
3.रामसिंह पुत्र राजाराम निवासी गुलराउंट थाना मंगलंगज जनपद खीरी,
4.सालिक राम पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी बटलरगंज मैगलगंज जनपद खीरी,
5.गुरुप्रसाद उर्फ गुरदीप पुत्र हीरालाल निवासी बटलरगंज थाना मैगलगंज जनपद खीरी,
6.पिंटू उर्फ गौतम पुत्र हीरालाल निवासी बटलरगंज थाना मैगलगंज जनपद खीरी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.उ0नि0 श्री सुशील कुमार तिवारी थाना मैगलगंज जनपद
2.उ0नि0 श्री राजपाल सिंह थाना मैगलगंज जनपद खीरी।
3.हे0का0 वीरप्रताप सरोज थाना मैगलगंज जनपद खीरी।
4.हे० का० अरशद अली थाना मैगलगज जनपद खीरी।
5.का० सुरेन्द्र सिंह थाना मैगलगंज जनपद खीरी।

## थाना गोला पुलिस द्वारा, 01 नफर शातिर चोर को चोरी के जेवरात (कीमत करीब 01 लाख रूपये) व 10,000/- रू0 नगद के साथ गिरफ्तार किया गया



पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना गोला के नेतृत्व में आज दिनांक-14.09.2025 को थाना गोला पुलिस द्वारा, चोरी की विभिन्न घटनाओं को कारित करने वाले 02 नफर अभियुक्तों 1.योगेन्द्र कुमार सिंह पुत्र कृष्णपाल वर्मा नि0 ग्राम निजामपुर निकटी थाना व जिला खीरी 2.हरिश्चन्द्र पुत्र छंगालाल कोरी नि0 बीबीपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर जिला सीतापुर को सोनारीपुर मोड़ से एक अदद तमंचा व चोरी के विभिन्न अभियोगो से संबंधित माल के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना गोला पर मु0अ0सं0 551/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया एवं अभियुक्तों के कब्जे से थाना स्थानीय पर पूर्व में पंजीकृत विभिन्न चोरी के अभियोगो व जनपद के अन्य थानो पर पंजीकृत चोरी के अभियोगो से संबंधित चोरी किये गये माल बरामद किये गये। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1.योगेन्द्र कुमार सिंह पुत्र कृष्णपाल वर्मा नि0 ग्राम निजामपुर निकटी थाना व जिला खीरी
2.हरिश्चन्द्र पुत्र छंगालाल कोरी नि0 बीबीपुर थाना इमलिया सुल्तानपुर जिला सीतापुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त योगेन्द्र सिंह**

1.मु0अ0सं0 99/2023 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना बखीरी जनपद संतकबीर नगर
2.मु0अ0स0 284/2023 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर
3.मु0अ0स0 374/2023 धारा 380/411/457 भादवि0 थाना खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर
4.मु0अ0सं0 294/2025 धारा 305ए/ 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी
5.मु0अ0सं0 291/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी
6.मु0अ0सं0 213/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी

7.मु0अ0सं0 455/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी
8.मु0अ0स0 551/2025 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना गोला खीरी

**<u>आपराधिक इतिहास अभियुक्त हरिश्चन्द्र</u>**
1.मु0अ0सं0 294/2025 धारा 305ए/ 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी
2.मु0अ0सं0 291/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी
3.मु0अ0सं0 213/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी
2.मु0अ0सं0 455/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस थाना गोला खीरी

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**
1.मु0अ0स0 165/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस – घटनास्थल ग्राम अजमतपुर थाना नीमगाँव जिला खीरी से सम्बन्धित माल - 01 मांग टीका पीली धातु, 01 जोडी झाले पीली धातु, 01 अदद अगूँठी लेडिज पीली धातु, 01 जोडी करधनी सफेद धातु, 02 जोडी करधनी बच्चे की सफेद धातु, 01 जोडी जेवरी सफेद धातु, 01 जोडी हथतोड सफेद धातु, 02 जोडी बिछिया सफेद धातु
2.मु0अ0स0 266/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटनास्थल – ग्राम गुलौला थाना नीमगाँव जिला खीरी से सम्बन्धित माल– 02 अदद मांग टीका पीली धातु, 02 अदद नथुनी पीली धातु, 02 अदद मटरमाला पीली धातु, 02 जोडी जेवरी सफेद धातु, 01 अदद कमरबिछुआ सफेद धातु
3.मु0अ0स0 203/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटनास्थल – ग्राम प्रतापपुर थाना नीमगाँव से सम्बन्धित माल – 01 अदद माँग बेंदी पीलीधातु, 01 अदद नथुनी पीली धातु, 01 अदद नाक का फूल पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 01 अदद गले की चेन सफेद धातु, 02 जोडी बिझिया सफेद धातु
4.मु0अ0स0 322/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटनास्थल – पिपरी नारायण पुर थाना नीमगाँव से सम्बन्धित माल – 01 जोडी टाप्स पीली धातु, 01 जोडी मंगल सुत्र पीली धातु, 05 अदद सिक्का सफेद धातु
5.मु0अ0स0 323/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस –घटनास्थल – पिपरी नारायण पुर थाना नीमगाँव से सम्बन्धित माल 01 जोडी झाले पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु,
6.मु0अ0स0 324/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटनास्थल – पिपरी नारायण पुर थाना नीमगाँव से सम्बन्धित माल– 01 जोडी झाले पीली धातु, 01 जोडी पायल सफेद धातु
7.मु0अ0स0 325/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस –घटनास्थल – पिपरी नारायण पुर थाना नीमगाँव से सम्बन्धित माल 01 अदद नथुनी पीली धातु, 01 अदद अंगूठी पीली धातु, 01 अदद हाय पीली धातु, 01 अदद नारियल दो भाग में सफेद धातु, 02 अदद सुपारी सफेद धातु
8.मु0अ0स0 327/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटनास्थल – पिपरी नारायण पुर थाना नीमगाँव से सम्बन्धित माल 01 अदद मांग टीका पीली धातु, 01 जोडी झाले पीली धातु, 01 अदद मंगल सुत्र पीली धातु
9.मु0अ0स0 176/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटनास्थल – ग्राम रसूलपुर थाना नीमगाँव जिला खीरी से सम्बन्धित माल 01 अदद मांग टीका पीली धातु, 02 अदद अगूंठी पीली धातु, 01 अदद मंगलसुत्र पीली धातु मय काले मोती धागा, 01 जोडी पायल सफेद धातु
10.मु0अ0सं0 294/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटना स्थल ग्राम मुस्तफाबाद थाना गोला से सम्बन्धित माल – रू0 3500 रू0
11.मु0अ0सं0 291/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटना स्थल ग्राम मुस्तफाबाद थाना गोला खीरी से सम्बन्धित माल – 2500 रू0
12.मु0अ0सं0 213/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटना स्थल ग्राम गोपालापुर थाना गोला खीरी से सम्बन्धित माल – 1500 रू0
13.मु0अ0सं0 455/2025 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस घटना स्थल ग्राम तिनावा थाना गोला खीरी से सम्बन्धित माल – 2500 रू0

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

उ0 नि0 गोविन्द सिंह थाना गोला खीरी
उ0नि0 मो0 खालिद थाना गोला खीरी
हे0का0 संजय कुमार मिश्रा थाना गोला खीरी
का0 उर्वेश सिंह थाना गोला खीरी
कां0 कपिल रावल खीरी

**स्वाट टीम लखीमपुर खीरी**

उ0नि0 जय प्रकाश यादव स्वाट टीम खीरी
हे0का0 सत्यप्रकाश सिंह स्वाट टीम खीरी
का0 श्री ओम मिश्रा स्वाट टीम खीरी
का0 गोल्डन स्वाट टीम खीरी
का0 सिकन्दर स्वाट टीम खीरी
का0 अरुण कुमार स्वाट टीम खीरी
का0 विकास चौहान स्वाट टीम खीरी
का0 विकास यादव स्वाट टीम खीरी

**सर्विलांस सेल लखीमपुर खीरी**

क0ऑ0 शरद शुक्ला सर्विलांस सेल खीरी
का0 महताब आलम सर्विलांस सेल खीरी

# थाना खीरी पुलिस द्वारा, शांतिभंग के आरोपित 08 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया




पुलिस अधीक्षक खीरी, श्री संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष खीरी के नेतृत्व में आज दिनांक-14.09.2025 को थाना खीरी पुलिस द्वारा शान्ति भंग करने वाले 08 नफर अभियुक्तों 1. शहीद अहमद पुत्र स्व0 कल्लू, 2. जमील अहमद पुत्र कैराती निवासी गण मोहल्ला बाजार थाना व जिला खीरी, 3. अय्यूब पुत्र मेहंदी हसन 4. अरबाज पुत्र अय्यूब निवासी गण मोहल्ला श्यामलाल पुरवा थाना व जिला खीरी, 5. जाहिद अली पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मोहल्ला डीहपुर थाना व जिला खीरी, 6. निर्भय कुमार पुत्र मायाराम निवासी ग्राम डिप्टीपुरवा थाना व जिला खीरी 7. रुकसार अहमद पुत्र मोहर्ररम अली 8. समीद पुत्र छोटन्ने निवासी गण मोहल्ला महावीरी ओयल थाना व जिला खीरी को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस मे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.शहीद अहमद पुत्र स्व0 कल्लू निवासी मोहल्ला बाजार थाना व जिला खीरी,
2.जमील अहमद पुत्र कैराती निवासी मोहल्ला बाजार थाना व जिला खीरी,
3.अय्यूब पुत्र मेहंदी हसन निवासी मोहल्ला श्यामलाल पुरवा थाना व जिला खीरी,
4.अरबाज पुत्र अय्यूब निवासी मोहल्ला श्यामलाल पुरवा थाना व जिला खीरी,
5.जाहिद अली पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मोहल्ला डीहपुर थाना व जिला खीरी,
6 निर्भय कुमार पुत्र मायाराम निवासी ग्राम डिप्टीपुरवा थाना व जिला खीरी,
7.रुकसार अहमद पुत्र मोहर्ररम अली निवासी मोहल्ला महावीरी ओयल थाना व जिला खीरी,
8.समीद पुत्र छोटन्ने निवासी मोहल्ला महावीरी ओयल थाना व जिला खीरी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

1.उ0नि0 पटेल सिहं राठी थाना व जिला खीरी
2.उ0नि0 साधना यादव थाना व जिला खीरी
3.उ0नि0 शुभम कुमार थाना व जिला खीरी
4.का0 जगदीश प्रसाद थाना व जिला खीरी
5.का0 रजनीश कुमार थाना व जिला खीरी
6.का0 गवेन्द्र पाल कुशवाहा थाना व जिला खीरी
7.का0 लोकेश कुमार थाना व जिला खीरी
8.का0 मन्दीप थाना व जिला खीरी

**<u>अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही; विगत 24 घंटे में 65 लीटर अवैध शराब बरामद कर 06 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया</u>**

पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी, श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोदय खीरी के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विगत 24 घंटों में जनपद खीरी के विभिन्न थानों द्वारा कार्यवाही करते हुए **65 लीटर अवैध कच्ची शराब** बरामद कर **06 नफर** अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत **06 अभियोग** पंजीकृत किये गये।